# निदर्शन 1

## किसी सीधी रेखा में एक अनुदिश एकसमान गति का निदर्शन करना

घर्षण बल के अंतर्निहित होने के कारण किसी स्वतन्त्रतापूर्वक गतिशील पिंड की एकसमान गति का निदर्शन करना निश्चय ही कठिन है। तथापि, यदि पिंड पर लगने वाले बल संतुलित हैं तो पिंड की एकसमान गति का निदर्शन करना संभव है।

(a) *काँच या प्लास्टिक की ट्यूब में भरी ग्लिसरीन या एरंड तेल में किसी पिंड की एकसमान गति का निदर्शन करना*

एक मीटर लंबी तथा लगभग 10 mm व्यास वाली काँच या प्लास्टिक की एक ट्यूब लीजिए। इसके एक सिरे को कॉर्क से बंद कर दीजिए। ट्यूब को ऊपर तक ग्लिसरीन (रंगहीन) या एरंड तेल से भर दीजिए। इसमें लगभग 3 mm व्यास की एक स्टील की गेंद या सीसे का छर्रा डालिए तथा एक कॉर्क से इस प्रकार बंद कीजिए कि ट्यूब में वायु का कोई भी बुलबुला न रहे। 7.5 – 10.0 cm चौड़ा लकड़ी का आधार लीजिए जिसके सिरों के पास धातु के ब्रैकेट लगे हों। बोर्ड को सफेद पेंट से पोतिए या इस पर एक सफ़ेद कागज़ की शीट जड़िए। धातु के ब्रैकेटों की सहायता से ट्यूब को लकड़ी के आधार पर जड़ दीजिए (ट्यूब प्रतिदीप्ति नलिका के आधार की भाँति टिकी रहे)। काले या नीले पेंट या स्याही से आधार पर 10 cm के नियमित अंतराल पर चिह्न लगाइए [चित्र D 1.1(a)]। एकसमान गति का निदर्शन करने




*चित्र D 1.1 दो संतुलित बलों के प्रभाव में किसी गेंद (या गोली) की ऋजुरेखीय एकसमान गति का निदर्शन **(a)** 1 m लंबा एक निदर्शन उपकरण **(b)** 50 cm लंबा एक कम लागत का उपकरण।*

© NCERT not to be republished

के लिए ट्यूब को ऊर्ध्वाधर रखिए तथा धातु की गोली को ग्लिसरीन के ऊपरी तल पर धीमें से मुक्त कीजिए। किसी एक छात्र से गोली द्वारा 10 cm के क्रमिक खंडों की दूरी तय करने में लिए गए समय को नोट करने के लिए कहिए। ट्यूब को कुछ बार उलट कर प्रयोग को दोहराइए। इस बात पर ज़ोर देना चाहिए कि यदि 10 cm के खंड को 1 या 2 cm के खंडों में फिर से प्रविभाजित किया जाए तो गोली उत्तरोत्तर छोटे खंडों को भी समान समय अंतराल में तय करेगी।*

इस निदर्शन को आधे मीटर लंबी काँच की नली तथा आधे मीटर स्केल की सहायता से भी किया जा सकता है। इसे एक प्रयोगशाला स्टैंड में ऊर्ध्वाधर कसा जा सकता है [चित्र D 1.1(b)]। इस स्थिति में छात्रों से 1 cm के उत्तरोत्तर खंडों को तय करने में गोली द्वारा लिए गए समय को नोट करने के लिए भी कहा जा सकता है।

ट्यूब को ऊर्ध्वाधर से लगभग 5° तिरछा करके भी रखा जा सकता है। इस व्यवस्था के निम्नलिखित लाभ हैं-

(i) गोली स्केल के समीप गति करती है जिससे कि स्केल पर इसकी स्थिति का प्रेक्षण करने में लंबन त्रुटि कम हो जाती है।

(ii) ट्यूब की दीवार के संपर्क में गतिशील गेंद अपनी संपूर्ण गति में समान परिस्थिति में रहती है। यदि आप इसे ट्यूब के केंद्र में, अर्थात्, ट्यूब के अक्ष के अनुदिश गति कराना चाहते हैं, तो ट्यूब के ऊर्ध्वाधर समायोजन को अत्यधिक परिशुद्धता से करना पड़ता है।

इस निदर्शन को आधे मीटर की ट्यूब से अधिक प्रभावी ढंग से करने के लिए, गोली द्वारा चली गई दूरी तथा ऐसा करने में लिए गए समय को साथ-साथ अंकित करने के लिए छात्र को अपनी क्रियाविधि सोचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उदाहरण के लिए, एक छात्र गिरती हुई गोली को समीप से देख सकता है। तथा जैसे ही गोली पहले से तय किसी चिह्न तथा उसके बाद एक दूसरे से क्रमिक चिह्नों से गुज़रे मेज थपथपा कर संकेत दे सकता है।

एक अन्य छात्र थपथपाने की ध्वनि सुनकर विराम घड़ी को चालू कर सकता है। इसके पश्चात्, घड़ी को रोके बगैर वह प्रत्येक




*चित्र D 1.1(c)* *ग्लिसरीन में धातु की गोली के गति के लिए दूरी-समय ग्राफ़*

* इस प्रयोग में, प्रारंभ में कुछ समय के लिए गोली त्वरित होती है और फिर संबंध $u = u_0 = (1\text{-}e^{-t/T})$ के अनुसार अंतिम वेग $u_0$ के समीप पहुँचती है। विशिष्ट अंतिम वेग $u_0 = 3 \text{ cm s}^{-1}$ के लिए समय नियतांक $T = 0.003$s। अतः, त्वरित गति की अवधि इतनी छोटी है कि इस पर विचार करने की आवश्यकता नहीं है।

© NCERT not to be republished

क्रमिक थपथपाने पर घड़ी द्वारा दर्शाए गए समय को देखकर एवं बोलकर बताता है? तीसरा छात्र मापन प्रारंभ होने से गोली द्वारा तय की गई दूरी तथा व्यतीत हुए समय के आँकड़ों को नोट कर सकता है। इन आँकड़ों के आधार पर गोली की गति के लिए छात्रों से दूरी तथा समय के बीच ग्राफ़ खींचने के लिए कहें तथा इस ग्राफ़ के स्वरूप पर विचार विमर्श करें [चित्र D 1.1(c)]।

तीन छात्रों के इस समन्वित क्रियाकलाप में यह सम्भव है कि जब गोली किसी चिह्न से गुज़रे तो पहला छात्र संकेत देने से चूक जाए। ऐसी स्थिति में उसे केवल यह कह इंगित करना चाहिए कि "चूक गए" और 15 से 20 बिंदुओं में से ग्राफ़ पर यदि कुछ बिंदु कम भी हो जाएँ तो उनका कोई महत्त्व नहीं होता। इसी प्रकार, किसी भी थपथपाने को यदि वह बाद में महसूस करता है कि यह ठीक समय पर नहीं हो पाया तो वह "गलत" कहकर इसे सूचित कर सकता है। इन आँकड़ों को दो छात्र भी अंकित कर सकते हैं। यदि क्रमिक पाठ्यांकों के बीच पर्याप्त समय है तो दूसरा छात्र तीसरे के कार्य को भी कर सकता है। कुछ अभ्यास से तथा गोली के समीप बाएँ हाथ में घड़ी लेकर, केवल एक छात्र भी आँकड़ों को अंकित कर सकता है और इसे एक व्यक्तिगत क्रियाकलाप बना सकता है।

ग्लिसरीन में उचित अनुपात में पानी मिलाकर गेंद की गति की चाल को इस प्रकार समायोजित किया जा सकता है कि यह न तो बहुत धीमी रहे जिससे कि कक्षा ऊब जाए और न ही इतनी तेज रहे कि आँकड़े को अंकित करना कठिन हो जाए।

(b) *ब्यूरेट का उपयोग करके*

उपरोक्त निदर्शन को एक लंबी ब्यूरेट का उपयोग करके भी किया जा सकता है। इसका अपना स्केल भी होता है। तथापि, कक्षा में पीछे बैठे हुए विद्यार्थियों के लिए स्केल को देख पाना कठिन हो सकता है। साथ ही, इसका ऊपरी सिरा खुला होता है जिसके परिणामस्वरूप एक ही साइज़ की बहुत-सी गोलियाँ उपलब्ध होनी चाहिए। वास्तव में उपरोक्त निदर्शन (a) में भी यदि एक ही साइज़ की अनेक गोलियाँ उपलब्ध हों तो ट्यूब के ऊपरी सिरे को खुला रखा जा सकता है, क्योंकि इस निदर्शन का सबसे जटिल भाग ट्यूब के ऊपरी सिरे को वायु के बुलबुले के बगैर बंद करना है।

उपरोक्त परिचर्चा के अनुसार ही ब्यूरेट के साथ निदर्शन को भी अधिक प्रभावशाली बनाया जा सकता है।

*टिप्पणी–*

1. एकसमान चाल से गिरती हुई स्टील की गोली के निदर्शन के पश्चात् कक्षा में परिचर्चा के दौरान एक महत्वपूर्ण प्रश्न होगा, "किन दो संतुलित बलों के अंतर्गत यह एक समान वेग से गति करती है?" इनमें से एक गोली का नेट भार है जो अधोमुखी दिशा में लगता है जिसके कारण प्रारंभ में इसकी चाल बढ़ती है। जैसे ही इसकी चाल बढ़ती है, उपरिमुखी दिशा में लगने वाला गति के लिए द्रव का प्रतिरोध बढ़ता जाता है जब तक कि यह भार को संतुलित नहीं कर लेता। इसके पश्चात्, गोली अंतिम वेग प्राप्त कर लेती है और इसकी चाल लगभग एकसमान रहती है।
2. हमारे प्रतिदिन के जीवन में अनेक स्थितियाँ ऐसी हैं जहाँ कोई पिंड एकसमान वेग से ठीक ऐसे ही नीचे गिरता है जैसे कि द्रव में गोली।

© NCERT not to be republished



*चित्र D 1.2* *पैराशूट की सहायता से नीचे उतरते छतरी-सैनिक की गति एकसमान होती है*

(a) जब कोई छतरी-सैनिक (पैराशूट पर) किसी हवाई जहाज से पैराशूट की सहायता से नीचे उतरती/उतरता है तो प्रायः पैराशूट पर वायु का प्रतिरोध उसके भार को संतुलित कर लेता है। इस दशा में पवन के कारण कुछ क्षैतिज अपवाह के अतिरिक्त वह ऊर्ध्वाधर दिशा में नीचे की ओर एकसमान चाल से गति करती/करता है (चित्र D 1.2)।

(b) बहुत से बच्चे खिलौना पैराशूट से खेलते हैं जिसे पहले ऊपर फेंका जाता है। तब यह नीचे की ओर ठीक उसी प्रकार गति करता है जैसे कि कोई छतरी-सैनिक पैराशूट के साथ करता है।

(c) बैडमिंटन के खेल में उपयोग की जाने वाली चिड़िया (शटल कॉक) को ऊर्ध्वाधरतः ऊपर की ओर फेंका जाता है। जब यह नीचे आती है तो खिलाड़ी अक्सर देखते हैं कि प्रारम्भ में थोड़े समय के लिए बढ़ती हुई चाल के पश्चात यह एकसमान चाल से नीचे की ओर गति करती है (यदि पवन प्रवाह न चल रहा हो)।

3. इस निदर्शन को स्टॉक के नियम द्वारा द्रव की श्यानता ज्ञात करने के लिए प्रयोग किए जाने वाले उपकरण से भी किया जा सकता है। तथापि, एक सरल रेखा में एकसमान गति को निदर्शित करने के लिए, (a) स्केल का उपयोग करके गोली की स्थिति को पढ़ने तथा (b) ट्यूब को क्षैतिज की ओर थोड़ा झुकाकर रखने की व्यवस्था के कारण प्रस्तुत निदर्शन अपेक्षाकृत सुगम तथा व्यावहारिक है।

# निदर्शन 2

## किसी आनत पथ पर किसी गेंद की गति की प्रकृति को निदर्शित करना

50 cm लंबाई तथा उठे हुए सिरे पर लगभग 2 – 3 cm ऊँचाई का एक आनत समतल बनाइए। विकल्पत:, आप एक द्विक-आनत पथ उपकरण का उपयोग कर सकते हैं और आधार पट्टी पर इसकी दो भुजाओं को जोड़कर एकल समतल बना सकते हैं। लकड़ी के गुटके या मोटी पुस्तक की सहायता से आधार पट्टी के एक सिरे को लगभग दो सेंटीमीटर ऊँचा उठाकर इसे निम्न (अल्प) झुकाव दें (चित्र D 2.1)। अब एक तालमापी (मेट्रोनोम) से ½ सेकंड के अंतराल पर ध्वनि संकेत उत्पन्न करें। गेंद को आनत समतल के ऊपरी सिरे पर रखें। इसे किसी एक ध्वनि संकेत (जिसे शून्य वाँ संकेत कहा जा सकता है) पर छोड़ें और इसे छोड़ने के बाद विद्यार्थियों से पहले, दूसरे, तीसरे तथा चौथे संकेत पर इसकी स्थिति का प्रेक्षण करने को कहें। इस कार्य के लिए, कक्षा को चार समूहों में बाँट लें। श्यामपट्ट पर एक चित्र की सहायता से उन्हें पहले ही समझा दें कि समूह 1 को गेंद की पहली स्थिति का प्रेक्षण करना है, समूह 2 गेंद की दूसरी स्थिति का प्रेक्षण करेगा इत्यादि।




**चित्र D 2.1** *द्विआनत तल पर किसी गोली की गति का अध्ययन*

निदर्शन के पश्चात्, गेंद की प्रत्येक स्थिति के लिए प्रत्येक समूह में विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार अनेक प्रेक्षण होंगे। एक विद्यार्थी को अपने समूह में प्रेक्षणों को एकत्र करके तथा उनके माध्यमान की गणना करके श्यामपट्ट पर अंकित करने के लिए कहें। तब यह दर्शाया जा सकता है कि आनत समतल पर गेंद के लुढ़कते समय, ½ सेकंड के क्रमिक अंतराल में गेंद द्वारा तय की गई दूरी समान परिणाम से बढ़ती जाती है।

*टिप्पणी–*

1. यदि तालमापी (मेट्रोनोम) उपलब्ध न हो, तो किसी एक छात्र को घड़ी के दोलक या प्रयोगशाला स्टैंड पर लटके 25 cm लंबाई के एक सरल दोलक की चरम स्थिति के समकालित नियत गति से मेज थपथपाने के लिए कहें।

2. यदि प्रतिध्वनिदर्शी-प्रकाश (strobe-light) उपलब्ध हो तो इसे गेंद को पथ पर नीचे लुढ़कते समय प्रकाशित करने के लिए उपयोग करें। तब छात्र स्पष्टतया देख सकते हैं कि गेंद समान समय अंतराल में उत्तरोत्तर अधिक दूरी तय करती है।

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 3

**यह दर्शाना कि किसी वृत के अनुदिश किसी पिंड को एकसमान चाल से गति कराने के लिए अभिकेंद्र बल का लगना आवश्यक है तथा इस बल का परिमाण कोणीय वेग के साथ बढ़ता जाता है**

(a) *काँच की ट्यूब तथा हुक युक्त भार का उपयोग करके*

लगभग 15 cm लंबी तथा 10 mm बाहरी व्यास की काँच की एक ट्यूब लीजिए। इसके सिरों को लौ के ऊपर गरम करके चिकना कीजिए। सिल्क या नायलॉन का लगभग 1.5 m लंबा मजबूत धागा ट्यूब में पिरोइए। धागे के एक सिरे पर रेत का एक पैकेट या रबर की डाट बांधिए और दूसरे सिरे पर एक भार (*W*) (रेत या डाट के भार से लगभग 3 – 10 गुना भारी) बांधिए। पहले निदर्शित कीजिए कि काँच की ट्यूब को उठाने पर भार मेज पर ही रुका रहता है जबकि रेत का पैकेट या डाट ऊपर उठ जाता है (चित्र D 3.1)।

अब एक हाथ से काँच की ट्यूब को कस कर पकड़कर और दूसरे हाथ से भार (*W*) को सहारा देते हुए रेत के पैकेट को क्षैतिज वृत्त में घुमाइए। जब गति की चाल पर्याप्त तीव्र हो जाती है तो भार (*W*) आपके हाथ के सहारे के बगैर स्वतंत्रतापूर्वक लटक सकता है। घूर्णन की चाल को इस प्रकार समायोजित कीजिए कि भार (*W*) की स्थिति न बदले। इस स्थिति में भार (*W*) पैकेट या डाट को वर्तुल पथ के अनुदिश गति करने के लिए आवश्यक अभिकेंद्र बल प्रदान करता है (चित्र D 3.2)। यदि गति की चाल को और अधिक बढ़ाया जाए तो भार (*W*) ऊपर की ओर उठने लगता है जबकि गति की चाल कम होने पर यह नीचे जाने लगता है। क्यों?




***चित्र D 3.1*** *काँच की ट्यूब से गुज़रने वाले धागे के नीचे बाँधा गया भार उसके दूसरे सिरे पर बांधे गए रेत के पैकेट से बहुत अधिक भारी है।*

© NCERT not to be republished




***चित्र D 3.2*** *रेत के पैकेट को उपयुक्त चाल से घुमाने पर मेज से भार ऊपर उठ जाता है। इसका भार आवश्यक अभिकेंद्र बल प्रदान करने के लिए पर्याप्त है।*

इस निदर्शन में सुरक्षात्मक सावधानी के लिए क्षैतिज वृत्त में घूर्णन करने वाला पैकेट रेत या सीसे के महीन छर्रों या रबर की डाट आदि का होना चाहिए जिससे कि यदि धागा टूटे तो यह किसी को नुकसान न पहुँचाए। साथ ही, काँच की ट्यूब पर टेप की दो परतें लपेट देनी चाहिए जिससे कि टूटने पर यह प्रयोग को निदर्शित करने वाले व्यक्ति को चोट न पहुँचाए।

(b) *बेलन (रोलर) तथा घूर्णी मंच का उपयोग करके*

यदि घूर्णी मंच (जैसा कि आपने सम्भवत: ग्रामोफ़ोन में देखा होगा) या कुम्हार का चाक उपलब्ध हो तो इसे भी अभिकेंद्र बल को निदर्शित करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। घूर्णी मंच पर एक छोटा बेलन रखा जाता है तथा इसके चौखटे (फ्रेम) को रबर के एक छल्ले की सहायता से नियंत्रण खूंटी से जोड़ दिया जाता है (चित्र D 3.3)। बेलन केंद्र की ओर या इससे दूर त्रिज्यीय पथ पर लुढ़कने के लिए स्वतंत्र है। घूर्णी मंच की डिस्क को पहले 16 घूर्णन प्रति मिनट की न्यूनतम चाल से गति में लाया जाता है। रबर के छल्ले का खिंचाव यह दर्शाता है कि बेलन पर त्रिज्या के अनुदिश बाहर की ओर एक बल लग रहा है। घूर्णी मंच की 33 घूर्णन प्रति मिनट या 45 या 78 घूर्णन प्रति मिनट जैसी उच्च चाल पर रबर के छल्ले के खिंचाव को और अधिक स्पष्टत: देखा जा सकता है जो यह दर्शाता है कि अधिक और अधिक अभिकेंद्र बल कार्य कर रहा है। नोट कीजिए जैसे-जैसे कोणीय चाल बढ़ती है रबर के छल्ले की दैर्ध्यवृद्धि के कारण बेलन की वर्तुल गति की त्रिज्या भी बढ़ती जाती है।




***चित्र D 3.3*** *रबर के छल्ले की दैर्ध्यवृद्धि यह दर्शाती है कि बेलन पर अभिकेंद्र बल लगा रहा है।*

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 4

## अपकेंद्रित्र के सिद्धांत का निदर्शन करना

एक काँच की ट्यूब (लगभग 10 से 15 mm व्यास) को इसके बीच से, मान लीजिए 160° के कोण पर, थोड़ा-सा मोड़िए। इसको रंगीन जल से इस प्रकार भरिए कि इसमें हवा का एक बुलबुला रह जाए और तब इसके दोनों सिरों को रबर की डाट से बंद कीजिए। अब घूर्णी मंच को क्षैतिज रखते हुए इसकी दोनों भुजाओं को क्षैतिज से लगभग 10° के झुकाव पर रखकर आरोपित कीजिए। ध्यान रहे कि घूर्णी मंच को मध्य खूंटी से संलग्न किया जाना चाहिए (चित्र D 4.1)। इस स्थिति में वायु का बुलबुला काँच की ट्यूब की एक भुजा या दोनों भुजाओं के शीर्ष भाग पर रुका रहता है।




***चित्र D 4.1*** *घूर्णी मंच के बीच की खूंटी से पानी से भरी तथा हवा के बुलबुले सहित संलग्न की हुई एक मुड़ी हुई काँच की ट्यूब।*

अब घूर्णी मंच को घुमाइए और इसकी चाल को 16 घूर्णन प्रति मिनट, फिर 33 घूर्णन प्रति मिनट, 45 घूर्णन प्रति मिनट और 78 घूर्णन प्रति मिनट तक बढ़ाइए। जब घूर्णन की चाल बढ़ती है तो विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित करें कि वायु का बुलबुला केंद्र की ओर, ट्यूब के सबसे निचले भाग की ओर, गति करता है।

घूर्णन करता घूर्णी मंच एक त्वरित निर्देश फ्रेम है। इसके प्रत्येक बिंदु पर त्वरण केंद्र की ओर निदेशित है। इस प्रकार इस निर्देश फ्रेम में विराम अवस्था में कोई भी पिंड एक बहिर्मुखी बल का अनुभव करता है। ट्यूब में जल का प्रत्येक अणु इस बल का वैसे ही अनुभव करता है जैसे गुरूत्वाकर्षण का बल। इस बल के प्रभाव में अधिक सघन पदार्थ बहिर्मुखी तथा कम सघन पदार्थ अंतर्मुखी दिशा में गति करता है।

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 5

## गतिज तथा स्थितिज ऊर्जा के अंतरा-रूपांतरण को निदर्शित करना




*चित्र D 5.1 मैक्सवेल का पहिया*

गतिज तथा स्थितिज ऊर्जाओं के अंतरा-रूपांतरण को मैक्सवेल के पहिए से निदर्शित किया जा सकता है (चित्र D 5.1)। इसमें एक पहिया होता है जो अपने केंद्र से गुज़रने वाली एक लंबी धुरी से दृढ़तापूर्वक जड़ा होता है। यह दो बराबर लंबाई के धागों से लटकाया जाता है जो पहिए के दोनों ओर धुरी से बंधे होते हैं। पहिए की निम्नतम स्थिति में दोनों धागों के निचले सिरों के बीच पृथक्करण उनके बीच निलंबन आधार अर्थात् ऊपरी सिरे पर से थोड़ा-सा अधिक होता है।

इसको क्रियाशील बनाने के लिए पहिए को घुमाकर ऊपर की ओर ले जाते हैं जिससे कि दोनों धागे धुरी पर लिपट जाते हैं। जब पहिया ऊपर जाता है तो यह कुछ स्थितिज ऊर्जा अर्जित करता है। छोड़ने पर यह नीचे गिरता है और स्थितिज ऊर्जा पहिए के घूर्णन की गतिज ऊर्जा में रूपांतरित हो जाती है। इसकी निम्नतम स्थिति पर जब दोनों धागों की सारी लंबाई खुल जाती है, पहिए की समस्त ऊर्जा गतिज ऊर्जा होती है जिसके कारण धागे फिर से विपरीत दिशा में लिपटना प्रारंभ कर देते हैं।

इस प्रकार पहिया ऊपर चलना प्रारंभ कर देता है जिससे इसकी गतिज ऊर्जा पुनः स्थितिज ऊर्जा में रूपांतरित होती जाती है तथा यह क्रम बारंबार दोहराया जाता है।

*टिप्पणी–* यह सुनिश्चित करने के लिए कि पहिए की क्रमागत ऊपर नीचे की गतियों में ऊर्जा का ह्रास कम हो धागे बिलकुल नम्य, अवितान्य तथा एक-दूसरे के सर्वसम होने चाहिए।

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 6

## संवेग संरक्षण को निदर्शित करना

संवेग संरक्षण के नियम को एक ही लंबाई तथा विभिन्न धातुओं के गोलकों का उपयोग करके दो द्वितंतु लोलकों की सहायता से निदर्शित किया जा सकता है (चित्र D 6.1)। दोनों लोलकों का आवृत्ति काल समान है। प्रारंभ में दोनों के गोलक A तथा B अपनी विराम अवस्था में एक दूसरे को स्पर्श करते हैं। साथ ही A तथा B की विराम अवस्था में उनके निलंबन-तंतु एक दूसरे के समांतर हैं।



*चित्र D 6.1 द्वितंतु लोलक*

गोलक A को लकड़ी की एक पट्टी से विस्थापित किया जाता है ताकि वह संदर्भ खूँटी C से स्पर्श करने लगे और इस प्रकार इसे '$a$' विस्थापन दिया जाता है जिसे स्केल की सहायता से नोट किया जाता है। अब पट्टी को तेजी से हटा लेते हैं जिससे कि गोलक A सहज रूप से विराम अवस्था की ओर गति करता है तथा गोलक B से संघट्ट करता है। संघट्ट के पश्चात् गोलकों A तथा B के अधिकतम विस्थापन क्रमशः $a'$ तथा $b'$ साथ-साथ नोट किए जाते हैं। B के दाईं ओर स्केल पर एक आरोही (राइडर) रख दिया जाता है जिसे गोलक B द्वारा विस्थापन $b'$ करते समय धकेल दिया जाता है। तब A के विस्थापन को सीधे स्केल द्वारा तथा B के विस्थापन को आरोही की विस्थापित स्थिति से पढ़ने में आसानी हो जाती है।

गोलकों के द्रव्यमान $m_A$ तथा $m_B$ मापे जाते हैं। संघट्ट से ठीक पहले तथा संघट्ट के ठीक बाद गोलकों के वेग उनके विस्थापनों के अनुक्रमानुपाती हैं, क्योंकि दोनों लोलकों का आवर्तकाल, $T$, समान है तथा किसी सरल लोलक का उसकी विराम स्थिति में वेग आयाम $\times \frac{2\pi}{T}$ के बराबर है। इसलिए, संघट्ट से पहले तथा संघट्ट के बाद दोनों गोलकों के कुल संवेग की समता का अर्थ है

$$m_A a = m_A a' + m_B b'$$

$a$, $a'$ तथा $b'$ को मापने के पश्चात् उपरोक्त समानता की जाँच की जा सकती है ($a'$ तथा $b'$ संघट्ट के बाद के विस्थापन हैं।)।

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 7

## किसी प्रक्षेप्य के परास पर प्रमोचन कोण के प्रभाव को निदर्शित करना

प्रमोचन कोण के साथ किसी प्रक्षेप्य के परास में परिवर्तन को प्राक्षेपिक पिस्तौल अथवा खिलौना-बंदूक का उपयोग करके निदर्शित किया जा सकता है। इसके लिए प्राक्षेपिक पिस्तौल को उचित रूप से आरोपित करना आवश्यक है जिससे कि प्रमोचन कोण को सुगमता से बदला जा सके। बंदूक को आरोपित करते समय यह अवश्य जाँच लेना चाहिए कि बंदूक का अक्ष डिग्री में अशांकित वृत्त के केंद्र से गुज़रे (चित्र D 7.1)। यदि ऐसी खिलौना बंदूक का उपयोग किया जाए, जिसका अधिकतम परास कमरे की लंबाई से अधिक हो तो इस निदर्शन को विद्यालय के खेल के मैदान जैसे खुले स्थान में किया जा सकता है।




***चित्र D 7.1*** *किसी खिलौना बंदूक से प्रक्षेप्य के परास का अध्ययन करने के लिए प्रायोगिक व्यवस्था*

बंदूक को 0° तथा 90° के बीच विभिन्न कोणों पर दाग कर, संगत परासों को सावधानीपूर्वक मापा जाता है। प्रमोचन कोण तथा परास के बीच आलेख (ग्राफ़) खींचा जा सकता है।

एकांतरत: विभिन्न कोणों पर प्रक्षेपित पानी की धार (जेट) के परास का भी अध्ययन किया जा सकता है। यहाँ यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि पानी समान दाब से ही प्रक्षिप्त हो।

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 8

## निदर्शित करना कि किसी छड़ का जड़त्व आघूर्ण उस छड़ से जुड़े समान द्रव्यमान के युगल की स्थिति परिवर्तन के साथ परिवर्तित होता है

काँच की एक छड़ लीजिए और एक पतले तथा हल्के तार की सहायता से इसे इसके गुरूत्वकेंद्र से क्षैतिजत: लटकाइए। प्लास्टीसीन के समान द्रव्यमान के दो टुकड़े लीजिए और दोनों से एकसमान मोटाई तथा समान साइज़ की दो चकती (डिस्क) बनाइए। अब उन्हें काँच की छड़ के दो किनारों के समीप इस प्रकार जोड़िए (छल्ले की तरह) कि छड़ फिर से क्षैतिज रहे [चित्र D 8.1(a)]। सुनिश्चित कीजिए कि प्लास्टीसीन की चकतियाँ छड़ के अनुदिश आसानी से गति कर सकें। छड़ को थोड़ा-सा कोणीय विस्थापन दीजिए तथा 10 दोलनों के लिए समय नोट कीजिए। एक दोलन का आवर्तकाल ज्ञात कीजिए। अब प्लास्टीसीन की चकतियों को छड़ के केंद्र की ओर समान दूरी तक इस प्रकार लाइए कि छड़ क्षैतिज रहे [चित्र D 8.1(b)]। प्लास्टीसीन की चकतियों के स्थान पर आप समान द्रव्यमान के बोल्ट (नट-बोल्ट) लेकर भी निदर्शन कर सकते हैं बशर्ते उन्हें काँच की छड़ पर किसी भी स्थान




**चित्र D 8.1** *यह दर्शाने के लिए प्रायोगिक व्यवस्था कि यदि कुल द्रव्यमान नियत रहे तो जड़त्व आघूर्ण द्रव्यमान के वितरण पर निर्भर करता है। (a) चलायमान द्रव्यमान दूर-दूर हैं, (b) द्रव्यमान छड़ के गुरूत्व केंद्र के समीप हैं।*

© NCERT not to be republished

पर दृढ़तापूर्वक जड़ा जा सके और छड़ को गतिशील करने पर वह अपनी स्थिति पर बने रहें। छड़ को फिर से थोड़ा-सा विस्थापित कीजिए और पुनः 10 दोलनों के लिए समय नोट कीजिए। पुनः एक दोलन का आवर्तकाल समान है या भिन्न है? यदि आप पाते हैं कि दोनों स्थितियों में आवर्तकाल अलग-अलग है, तो यह दर्शाता है कि चाहे कुल द्रव्यमान नियत रहे लेकिन वस्तु में द्रव्यमान के वितरण को बदल देने से जड़त्व आघूर्ण बदल जाता है।

इस निदर्शन की सफलता के लिए एक महत्वपूर्ण सावधानी है कि धातु के तार को काँच की छड़ के जिस बिंदु से जोड़ा गया है (जिस बिंदु के इर्द-गिर्द काँच की छड़ घूर्णी दोलन करती है) वह अचल रहना चाहिए। धातु के तार को इस प्रकार बाँधना चाहिए कि इससे छड़ क्षैतिजतः लटके। यह सुनिश्चित करता है कि घूर्णन अक्ष गुरूत्व केंद्र से होकर गुज़र रही है। तार को काँच की छड़ से दृढ़ता से बांधने के लिए किसी अच्छी गोंद (ससंजक पदार्थ) का उपयोग किया जा सकता है। प्लास्टीसीन की चकतियों की स्थिति को इस प्रकार समायोजित करना चाहिए कि काँच की छड़ क्षैतिजतः लटके।

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 9

## काँच की दो शीटों के बीच वेजरूपी (फ़न्नी के आकार का) रिक्ति में कोशिकीय उन्नयन की आकृति को निदर्शित करना

इस निदर्शन के लिए आपको आवश्यकता होगी, समतल काँच के दो स्लाइड, रबर का एक मोटा छल्ला, माचिस की तीली, पेट्रीडिश, पोटेशियम परमैंगनेट के कुछ कण तथा काँच पर लिखने वाला फ़ेल्ट टिप पैन।

काँच की स्लाइड तथा पेट्री डिश को अच्छी प्रकार साबुन तथा पानी से साफ़ करें और फिर उनका आसुत जल से प्रक्षालन करें। सुनिश्चित करें कि उन पर साबुन की कोई झिल्ली बाकी न रहे। पेट्री डिश को पोटेशियम परमेंगनेट से रंगीन किए गए आसुत जल से लगभग आधा भरें। स्लाइडों को एक-दूसरे के ऊपर रखकर उनके एक सिरे को रबर के छल्ले से अच्छी प्रकार बांधें तथा उनके दूसरे सिरे पर दोनों स्लाइडों के बीच माचिस की एक तीली रखें (चित्र D 9.1)। इस प्रबंध को पेट्री डिश में रखे रंगीन पानी में इस प्रकार डुबोएँ कि परस्पर जुड़ी दो स्लाइडों के लंबवत् कोर पानी के संपर्क में हों। क्या दोनों स्लाइडों के बीच की रिक्ति में रंगीन पानी चढ़ता है? रबर के छल्ले से बंधे हुए सिरों की ओर माचिस की तीली के सिरे की तुलना में अधिक ऊँचाई तक पानी ऊपर चढ़ता है क्योंकि काँच के स्लाइडों के बीच रिक्ति बंधे हुए सिरे से माचिस की तीली के सिरे की ओर रैखिकत: बढ़ती है।

*टिप्पणी–*

1. इस प्रभाव को विभिन्न व्यासों की अनेक केशनलियों को बढ़ते हुए व्यास के क्रम में पास-पास लगा कर निदर्शित किया जा सकता है जैसा कि चित्र D 9.2 में दर्शाया गया है।

2. विद्यार्थी इस प्रयोग को क्रियाकलाप या परियोजना कार्य की भाँति ले सकते हैं।




***चित्र D 9.1*** *काँच के स्लाइडों के वेजरूपी अंतराल में पानी का केशकीय उन्नयन रबर के छल्ले के सिरे की ओर अधिक है*




***चित्र D 9.2*** *विभिन्न व्यास की केशनलियों में पानी का उन्नयन*

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 10

## भाप से आंशिक निर्वात उत्पन्न करके वायुमंडलीय दाब के प्रभाव को निदर्शित करना

इस निदर्शन को करने के लिए आपको आवश्यकता होगी, गोल पेंदे का एक फ्लास्क, काँच की नली (ट्यूब), कॉर्क, कॉर्क वेधक, एक लंबी दाब सह नली जो काँच की नली में ठीक-ठीक फिट हो जाए, पिंच कॉक, बर्नर, त्रिपाद-स्टैंड, क्लैंप सहित प्रयोगशाला स्टैंड तथा पानी का एक बड़ा बर्तन।

गोल पेंदे के फ्लास्क में कुछ पानी लीजिए। इसके मुँह को रबर की एक कॉर्क से कस कर बंद करें जिसमें काँच की एक छोटी नली लगी हुई हो। काँच की नली के खुले सिरे में लगभग 1.5 m मीटर लंबी दाब सह नली लगाइए। चित्र D 10.1(a) में दर्शाए अनुसार पानी को गरम करें। फ़्लास्क में उत्पन्न हुई भाप फ्लास्क काँच की नली तथा रबर की नली से वायु को बाहर निकाल देती है। कुछ समय के पश्चात् गरम करना बंद करें और रबर की नली के मुँह को तुरंत पिंच कॉक से कस कर बंद कर दें।

फ़्लास्क को उल्टा करें और इसे मेज पर रखे एक लंबे स्टैंड जितना ऊँचा हो सके, क्लैंप कर दें [चित्र D 10.1(b)]। रबर की नली के स्वतंत्र सिरे को मेज पर रखे बड़े बर्तन में भरे रंगीन पानी में डुबोएँ और पिंच कॉक को खोल दें। जैसे ही फ़्लास्क ठंडा होता है, बर्तन में से पानी




***चित्र D 10.1 (a)*** *भाप फ़्लास्क से वायु को बाहर निकाल देती है*




***चित्र D 10.1 (b)*** *जब फ़्लास्क में भाप द्रवित होती है तो वायुमंडलीय दाब रंगीन पानी को फ़्लास्क में ऊपर धकेल देता है।*

काँच की नली से होता हुआ तेजी से फ़्लास्क में पहुँचता है। स्वाभाविक रूप से विद्यार्थी पानी के इस ऊँचाई तक चढ़ने का कारण जानने के लिए उत्सुक होंगे। इसकी व्याख्या बर्तन में पानी की सतह पर वायु दाब तथा फ़्लास्क के अंदर वायु के दाब में अंतर के पदों में की जा सकती है।

***टिप्पणी***

इस प्रयोग को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए किसी विद्यार्थी को मेज पर चढ़ाकर या मेज पर एक स्टूल रखकर स्टैंड को 2 m या उससे अधिक ऊँचा उठाया जा सकता है। इस स्थिति में दाब सह नली को और अधिक लंबा लेना होगा।

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 11

## डॉक्टर की सिरिंज की सहायता से नियत ताप पर दाब के साथ किसी गैस के आयतन में परिवर्तन का अध्ययन करना

इस निदर्शन को करने के लिए आपको आवश्यकता होगी– बड़े साइज़ की डॉक्टरी सिरिंज (50 mL या अधिक) (प्रयोज्य प्रकार की), प्रयोगशाला स्टैंड, ग्रीज़ या कोई गाढ़ा स्नेहक तेल, एक दूसरे के ऊपर ठीक बैठ जाने वाले 200 ग्राम से 1 किलोग्राम तक के भार, साइकिल का वाल्व-ट्यूब, रबर का छल्ला और लकड़ी का गुटका।

सिरिंज में ग्रीज़ या किसी गाढ़े स्नेहक तेल की एक बूंद लगाकर पिस्टन को वायुरोधी बनाइए। सिरिंज में पिस्टन को बाहर खींचिए जिससे कि इसके द्वारा परिबद्ध वायु का आयतन इसकी पूरी धारिता के बराबर हो। अब सिरिंज की निकास नली में साइकिल वाल्व-ट्यूब लगाकर और उसे मोड़कर निकास नली को बंद कीजिए। सिरिंज को प्रयोगशाला स्टैंड में ऊर्ध्वाधरतः इस प्रकार लगाइए कि इसका आधार लकड़ी के एक गुटके पर टिका रहे (चित्र D 11.1)।

सिरिंज के अंदर की वायु को संपीडित करने के लिए पिस्टन को नीचे की ओर दबाइए। पिस्टन को छोड़िए और प्रेक्षण कीजिए कि क्या अंदर की वायु पिस्टन को ऊपर धकेलते हुए अपने प्रारंभिक आयतन को पुनः प्राप्त कर लेती है। क्योंकि पिस्टन तथा सिरिंज के अंदर की दीवार दोनों ही प्लास्टिक की हैं, इसलिए इनके बीच घर्षण बहुत अधिक होता है, इस कारण अंदर




*चित्र D 11.1 सिरिंज के पिस्टन पर उसके अक्ष के अनुदिश बल लगाने के लिए कोई भार रखा गया है*

© NCERT not to be republished

की वायु पिस्टन को उसकी प्रारंभिक स्थिति तक नहीं धकेल पाती। जब पिस्टन विराम अवस्था में आता है तो वायुमंडलीय दाब का प्रणोद तथा सीमांत घर्षण, इस पर नीचे की ओर कार्य कर रहे होते हैं। पिस्टन की इस स्थिति में परिबद्ध वायु के आयतन को नोट कीजिए।

अब, पिस्टन को थोड़ा ऊपर खींच कर छोड़िए। अब भी यह अपनी प्रारंभिक स्थिति पर ठीक-ठीक नहीं पहुँच पाता। इस बार इस पर नीचे की ओर वायुमंडलीय दाब का प्रणोद तथा सीमांत घर्षण का अंतर कार्य करता है (वायुमंडलीय दाब का प्रणोद-सीमांत घर्षण)। वायु के इस आयतन को भी नोट कीजिए और जाँच कीजिए कि इस प्रकार मापे गए इन दोनों आयतनों का औसत वायुमंडलीय दाब पर वायु के प्रारम्भिक आयतन के बराबर है।

अब पिस्टन के हैन्डिल पर 1 kg के भार को संतुलित कीजिए। परिबद्ध वायु के दो आयतनों को नोट कीजिए, (i) पिस्टन धीरे-धीरे ऊपर आकर विराम अवस्था में आता हुआ तथा (ii) पिस्टन धीरे-धीरे नीचे जाता हुआ और विराम अवस्था में आता हुआ। इन दोनों का औसत निकालिए। इस प्रकार पिस्टन पर संतुलित किए गए कम-से-कम दो भिन्न-भिन्न भारों, माना 1 kg तथा 1.8 kg, के लिए वायु का आयतन $V$ नोट कीजिए। अंत में यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रयोग करते समय वायु लीक नहीं हुई है, जाँच कीजिए कि बगैर भार रखे वायु का आयतन वहीं है जो प्रयोग के प्रारंभ में था। यदि ग्राफ़ पेपर उपलब्ध है तो तीन प्रेक्षणों $W = 0$ kg, 1 kg तथा 1.8 kg के लिए $1/V$ तथा भार $W$ के बीच ग्राफ़ खींचिए। एकांतरत: इसे विद्यार्थियों को गृह कार्य के रूप में दिया जा सकता है।

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 12

## सरल उदाहरणों द्वारा बर्नूली के सिद्धांत को निदर्शित करना

(a) प्रयोगशाला स्टैंड में कसी हुई किसी क्षैतिज छड़ से दो सरल लोलक लटकाइए (चित्र D 12.1)। उनके गोलक समान ऊँचाई पर तथा एक-दूसरे के समीप होने चाहिए लेकिन एक दूसरे को स्पर्श करते हुए न हों। विद्यार्थियों से पूछें कि यदि गोलकों के बीच रिक्त स्थान में तीव्र प्रवाह से हवा फूँके तो क्या होगा? कोई व्यक्ति/विद्यार्थी जो बर्नूली सिद्धांत के संदर्भ में नहीं सोच रहा है वह यही निष्कर्ष निकालेगा कि रिक्त स्थान में फूँकी गई वायु गोलकों को एक दूसरे से दूर धकेल देगी। अब एक दूसरे के पास लटकाए गोलकों के बीच रिक्त स्थान में वायु फूँके और उनसे कहें कि देखें क्या होता है। उनके बीच गुज़रने वाली वायु की चाल, कम स्थान उपलब्ध होने के कारण बढ़ जाती है और इसीलिए वहाँ पर दाब कम हो जाता है। अतः, गोलकों के बाहरी फलकों पर वायु दाब उन्हें एक दूसरे के समीप धकेल देता है। यही कारण है हम देखते हैं गोलक वास्तव में एक दूसरे के समीप आ जाते हैं।



*चित्र D 12.1*

(b) दो किताबों को आधार बनाकर कागज़ की एक शीट को किसी पुल की भांति रखिए। किताबें थोड़ा-सा अभिसारी रखें (चित्र D 12.2) अर्थात् उनका पृथक्करण आपकी ओर थोड़ा अधिक हो। अब आप इस पुल के नीचे से फूँकिए, कागज़ का पुल नीचे की ओर झुक जाता है।



*चित्र D 12.2*

(c) कागज़ की एक शीट के छोटे फलक को क्षैतिजतः पकड़िए, जिससे कि अपने भार के कारण यह लंबाई के अनुदिश नीचे की ओर मुड़ जाए [चित्र D 12.3(a)]। यदि आप कागज़ के क्षैतिज भाग को अपनी अंगुलियों से धीरे-से नीचे की ओर दबाएं तो कागज़ और अधिक नीचे की ओर मुड़ जाता है। अब हाथ से छूने के बजाय कागज़ की शीट के क्षैतिज फलक को अपने मुख के निकट रखें। क्षैतिज भाग के अनुदिश पेपर पर फूँकिए। क्या लटकी हुई कागज़ की शीट नीचे की ओर जाती है या ऊपर उठती है [चित्र D 12.3(b)]? पवन के आगे

© NCERT not to be republished




चित्र D 12.3 (a) चित्र D 12.3 (b)

बढ़ने पर कागज़ की मुड़ी हुई आकृति उसके ऊपर से प्रवाहित होने वाली पवन की प्रवाह नलिकाओं को [चित्र D 12.3(c)] और संकीर्ण बनाती है। इसके कारण वायु की चाल बढ़ जाती है तथा कागज़ के ऊपरी हिस्से में दाब घटता है।




चित्र D 12.3 (c)

(d) किसी कीटनाशी/पीड़कनाशी स्प्रे पंप में रंगीन पानी भरिए। पानी को सफ़ेद कागज़ की शीट पर स्प्रे कीजिए। रंगीन बूंदे कागज़ पर फ़ैल जाती हैं। यह सुस्पष्ट है कि टैंक से पानी इससे जुड़ी हुई नली में ऊपर उठता है और फिर बारीक सूक्ष्म बूंदों के रूप में आगे की ओर फेंक दिया जाता है। लेकिन पानी को नली में ऊपर कौन-सा बल उठाता है? जब पंप बारीक छिद्र से वायु को बाहर फेंकता है तो नली के खुले सिरे के ठीक ऊपर के क्षेत्र में वायु की चाल अधिक हो जाती है (चित्र D 12.4)। इस प्रकार इस क्षेत्र में आस-पास की स्थिर वायु (जहाँ पर दाब, वायुमंडलीय दाब के बराबर है) की अपेक्षा वायु का दाब कम हो जाता है। ठीक इसी क्षेत्र में, पंप में छिद्र के ठीक नीचे, उस बारीक नली का ऊपरी खुला सिरा है जिससे पानी, नली के बाहर पानी के पृष्ठ पर कार्य करने वाले वायुमंडलीय दाब के कारण ऊपर चढ़ता है।




चित्र D 12.4

(e) चित्र D 12.5 बुन्सन बर्नर की संरचना को दर्शाता है। ऊर्ध्वाधर नली के केंद्र में स्थित जेट J से ईंधन बाहर आती है। गैस की उच्च चाल के कारण इसका दाब कम हो जाता है। इसलिए ऊर्ध्वाधर ईंधन नली के पार्श्व में चौड़े छिद्र से वायु तेज़ी से अन्दर आती है, ईंधन तथा गैस से मिश्रित होती है जिससे गैस नीली गर्म लौ के साथ जलती है। यदि ईंधन गैस के साथ वायु इस जगह पर मिश्रित नहीं होती और यह इसके संपर्क में केवल लौ के पास ही आती है, तो लौ की दीप्ति, मोमबत्ती की पीली-नारंगी लौ जैसी होगी। ऐसा गैस के अपूर्ण ज्वलन के कारण होता है ध्यान रहे जब गैस नीली लौ के साथ जलती है उससे तुलनात्मक रूप से अधिक ऊष्मा प्राप्त होती है।




*चित्र D 12.5*

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 13

## गर्म करने पर धातु के तार के प्रसार को निदर्शित करना

G-क्लैंपों द्वारा मेज पर दृढ़ता से जड़े दो प्रयोगशाला स्टैंडों के बीच धातु के तार की दी गई लंबाई को दृढ़ता से तानिए (चित्र D 13.1)। तार के मध्य में एक छोटा भार लटकाइए तथा लोहे के स्टैंडों में कोई बंकन न करते हुए जितना हो सके कस कर तानिए। तथापि, तार को सीधा नहीं रखा जा सकता और इसके बीच में भार लटका होने के कारण कुछ झुकाव अवश्य होगा। भार के ऊपरी किनारे के पीछे की ओर एक संकेतक रखिए जो संदर्भ की भाँति कार्य कर सके।

स्प्रिट लैंप या मोमबत्ती की सहायता से तार को समस्त लंबाई के अनुदिश गरम कीजिए। तार में और झुकाव दिखाई देता है और भार नीचे की ओर आ जाता है। लौ को हटाइए और तार को ठंडा होने दीजिए। जैसे-जैसे तार ठंडा होता जाता है, भार अपनी प्रारंभिक अवस्था में ऊपर आ जाता है




*चित्र D 13.1 गरम करने पर तने हुए तार में उसके ऊष्मीय प्रसार के कारण उत्पन्न झुकाव*

### *टिप्पणी*

यदि आप चाहें तो तार को विद्युत से भी गरम कर सकते हैं। एक अपचायी ट्रांसफॉर्मर का उपयोग करें जो 2 वोल्ट से 12 वोल्ट तक विभिन्न चरणों में वोल्टताएं दे सकता है। इसका लाभ यह है कि तार के सिरों पर एक निश्चित वोल्टता लगाने पर यह अपनी संपूर्ण लंबाई के अनुदिश एकसमान रूप से गरम होगा तथा इस प्रकार गरम करने से हुआ प्रेक्षित झुकाव दोहराया जा सकता है।

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 14

## यह निदर्शित करना कि ऐलुमिनियम, लोहे, ताँबे तथा सीसे (लेड) के समान द्रव्यमान के पिंडों की ऊष्मा धारिताएं भिन्न-भिन्न होती हैं

इस निदर्शन को करने के लिए आपको आवश्यकता होगी, ऐलुमिनियम, लोहे, ताँबे तथा सीसे के समान द्रव्यमान तथा समान अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल के चार बेलन, पैराफिन मोम का एक आयताकार गुटका, बीकर/धातु का बर्तन, धागा, जल तथा गरम करने की युक्ति।

क्योंकि चार ठोस बेलनों का समान द्रव्यमान तथा समान अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल है इसलिए उनकी लंबाइयाँ उनके घनत्वों के व्युत्क्रमानुपाती हैं। किसी बीकर या धातु के बर्तन में जल लीजिए और इसे उबालिए। चारों बेलनों को धागे से बाँधकर पूरी तरह उबलते जल के अंदर लटकाइए (यदि बीकर का उपयोग किया जा रहा है तो सावधानी बरतें)। कुछ मिनट के पश्चात् सभी पिंड उबलते जल के ताप पर पहुँच जाते हैं [चित्र D 14.1(a)]।



*चित्र D 14.1* *विभिन्न धातुओं की ऊष्मा धारिताओं की गुणात्मक तुलना*

बेलनों को एक-एक करके बाहर निकालिए और उन्हें पैराफिन मोम के मोटे गुटके पर एक-दूसरे के निकट रखिए [चित्र D 14.1(b)]। (बेलनों को गरम पानी से निकालने के समय में अंतर कम करने के लिए गरम करने से पूर्व उन्हें एक ही छड़ से बाँधकर लटकाया जा सकता है।) बेलन पैराफिन मोम में भिन्न-भिन्न गहराइयों तक धँसते हैं। धँसने के प्रक्रम में वे उबलते जल के ताप से मोम के गलनांक तक ठंडे होते हैं। यद्यपि सभी बेलनों का द्रव्यमान समान है लेकिन उनके द्वारा दी गई ऊष्मा की मात्रा भिन्न-भिन्न है।

एक वैकल्पिक (तथा करने में अधिक सुविधाजनक) व्यवस्था में लकड़ी का एक बोर्ड लीजिए जिसमें अर्धबेलनाकार खाँचे बने हों। प्रारंभ में प्रत्येक खाँचे की समान लंबाई को मोम से भर दिया जाता है। गर्म बेलनों को मोम के गुटके पर रखने की बजाय खाँचों में भरे इस मोम के ऊपर रखते हैं।

© NCERT not to be republished

***टिप्पणी***

प्रत्येक बेलन द्वारा दी गई ऊष्मा का एक बड़ा भाग वायुमंडल में विकिरित हो जाता है। इसके अतिरिक्त, उनके पृष्ठ क्षेत्रफल में अंतर के कारण वे भिन्न-भिन्न दरों से ऊष्मा विकिरित करते हैं। इसलिए, इस प्रयोग द्वारा हम इन ठोसों की ऊष्मा धारिताओं की केवल गुणात्मक तुलना ही कर पाते हैं।

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 15

## विभिन्न कंपमान निकायों के मुक्त दोलनों को निदर्शित करना

यहाँ कंपमान निकायों के संदर्भ में बहुत से निदर्शन (a) से (j) तक प्रस्तुत किए गए हैं। जितने संभव हो सकें उनसे कंपमान निकायों को निदर्शित कीजिए तथा प्रत्येक स्थिति में निम्न बिंदुओं पर विचार विमर्श कीजिए–

(i) कंपनों के दौरान ऊर्जा परिवर्तन किस प्रकार के होते हैं?

(ii) कंपन की आवृत्ति किस प्रकार बदली जा सकती है?

(iii) क्या निकाय के अवमंदन को कम किया जा सकता है? यदि ऐसा है, तो कैसे?

(iv) कम्पित वस्तु पर लगने वाला बल इसकी माध्य स्थिति से विस्थापन के साथ किस प्रकार परिवर्तित होता है?




***चित्र D 15.1*** *एक भारी लोलक के दोलनों का अध्ययन करने के लिए व्यवस्था*

(a) *सरल लोलक*– प्रयोग 6 में वर्णित पदों के अनुसार एक लंबा तथा भारी सरल लोलक बनाइए। लगभग 1.5 m लंबाई के एक मजबूत धागे के एक सिरे पर एक ईंट या 1 kg का भार बाँधा जा सकता है। लोलक को किसी ऐसे स्टैंड से लटकाइए जिसका आधार भारी हो जिससे कि यह लरजकर गिर न पड़े। आधार पर कोई भार जैसे कुछ ईंटें रखकर, इसे भारी बनाया जा सकता है। एकांतरत: स्टैंड को मेज पर एक G-क्लैंप से कसा जा सकता है। मेज पर जड़े तीन G-क्लैंप (चित्र D 15.1) से कस कर स्टैंड की ऊर्ध्वाधर छड़ को और अधिक दृढ़ आधार प्रदान किया जा सकता है। एक दृढ़ स्टैंड लोलक को काफी लंबे समय तक बहुत कम अवमंदन के साथ दोलन करने में सहायक होगा।

(b) *लोहाकाट आरी (हैक सॉ) का कंपमान ब्लेड*– एक लोहाकाट आरी के ब्लेड (या धातु की पतली पत्ती) को इसके चपटे पृष्ठ को क्षैतिज रखते हुए उसे क्लैंप द्वारा मेज के किनारे पर कसिए (चित्र D 15.2)। इसके स्वतंत्र सिरे का लगभग 20 g प्लास्टीसीन या 20 g के भार धागे की सहायता से ब्लेड से बाँधकर, भारण करें। स्वतंत्र सिरे को ऊपर और नीचे कंपित कराएँ। निदर्शन को ब्लेड पर कम

© NCERT not to be republished

भार और फिर बगैर भार के दोहराएँ। विभिन्न भारों के साथ दोलनों की तुलना करें।



*चित्र D 15.2* *एक सिरे पर कसा हैक सा ब्लेड ऊपर नीचे कंपन करता हुआ*

(c) *दोलायमान द्रव स्तंभ*– बड़े व्यास (लगभग 2 cm) की एक U–नली को इसकी भुजाओं को ऊर्ध्वाधर रखकर एक स्टैंड पर कसिए। इसमें निम्न श्यानता का कोई द्रव जैसे जल या कैरोसिन या मैथिल एल्कोहॉल युक्त स्पिरिट भरें। द्रव स्तंभ को नली में ऊपर नीचे दोलन कराएँ (चित्र D 15.3)। इसके लिए U–नली की एक भुजा में जैसे ही द्रव स्तंभ अधिकतम ऊँचाई पर आए तो उसमें अपने मुँह से बारंबार फूँकें। ऐसा करने से इसमें प्रत्येक बार थोड़ा वायुदाब उत्पन्न होगा जिससे कि द्रव स्तंभ अनुनाद से दोलन करेगा। दूसरी विधि है स्टैंड को बारम्बार एक ओर को थोड़ा-सा तिरछा करें। U–नली के एक स्टैंड पर जड़े होने के कारण द्रव स्तंभ अनुनाद के द्वारा दोलन करेगा।




*चित्र D 15.3* *U–नली में द्रव स्तंभ के दोलनों के निदर्शन की व्यवस्था*

अल्प लागत लगभग 50 cm लंबी तथा 3.5 cm से 4.0 cm व्यास की दो सीधी नलियों से एक तात्कालिक U–नली बनाई जा सकती है। नलियों को लकड़ी के एक तख्ते पर लगभग 20 cm से 30 cm की दूरी पर जड़िए। उनके निचले सिरों को रबर की किसी नली के टुकड़े या प्लास्टिक से बने होज़ पाइप के टुकड़े से जोड़िए। प्लास्टिक का होज़ पाइप अधिक अच्छा है क्योंकि यह आसानी से U–आकृति में मुड़ जाता है। दोनों खुले सिरों से लगभग 10 cm नीचे तक U–नली को रंगीन पानी से भरिए। ऊपर वर्णित दो विधियों में से किसी एक से नली में द्रव को दोलन कराइए।

(d) *कुंडलिनी कमानी*– कुंडलिनी कमानी के सिरे पर या कोई उपयुक्त द्रव्यमान, मान लीजिए 1kg, संलग्न कीजिए (चित्र D 15.4)। कमानी को ऊर्ध्वाधरत: लटकाइए। भार को नीचे की ओर थोड़ी दूर खींचिए और छोड़ दीजिए। कमानी के निचले सिरे से लटके द्रव्यमान के ऊर्ध्वाधर दोलनों को प्रेक्षित कीजिए और उनका अध्ययन कीजिए।



*चित्र D 15.4* *कुंडलिनी कमानी के निचले सिरे से जुड़ा भार ऊपर नीचे दोलन करता हुआ*

(e) *तैरती हुई परखनली के दोलन*– एक परखनली लीजिए और इसकी तली में लगभग 10 g सीसे के छर्रे या लोहे का बुरादा या रेत भरिए। परखनली को पानी में तैराइए तथा नली में भार (सीसे के छर्रे या लोहे का बुरादा या रेत) को समायोजित कीजिए जब तक कि यह ऊर्ध्वाधरत: न तैरने लगें। नली को ऊर्ध्वाधर रखते हुए थोड़ा-सा नीचे की ओर दबाइए और छोड़ दीजिए जिससे कि यह पानी के पृष्ठ पर ऊपर-नीचे दोलन करने लगे (चित्र D 15.5)।

(f) *किसी वक्र पथ के अनुदिश किसी गेंद का दोलन*– लगभग 30 cm लंबी ऐलुमिनियम की पर्दे की चैनल लीजिए और इसे एक वृत्त की चाप में मोड़िए। इसे मेज

© NCERT not to be republished




*चित्र D 15.5* *भार के कारण ऊर्ध्वाधर स्थिति में तैरती हुई परखनली को जब थोड़ा-सा नीचे धकेलकर छोड़ते हैं, तो यह ऊपर-नीचे दोलन करती है।*




*चित्र D 15.6* *वृत्त के चाप की आकृति में मुड़ी चैनल में एक बॉल बेयरिंग की दोलन गति के निदर्शन के लिए व्यवस्था*




*चित्र D 15.7* *द्विक आनत पथ के अनुदिश किसी गेंद की दोलन गति के निदर्शन के लिए व्यवस्था*

पर रखिए और दो आयताकार मोटे गत्ते या प्लाईवुड के टुकड़ों के उचित सहारे से ऊर्ध्वाधर तल में खड़ा कीजिए। इसके खाँचे में एक बॉल बेयरिंग या काँच के कंचे को दोलन कराइए (चित्र D 15.6)। एकांतरत: किसी अवतल दर्पण (10 cm या 15 cm द्वारक) या *कटोरा* या *कढ़ाही* के अवतल भाग को ऊपर की ओर रख कर मेज पर रखिए। एक बॉल बेयरिंग या कंचे को चित्र D 15.6 में दर्शाए इसके निम्नतम बिंदु P से गुज़रने वाली चाप के अनुदिश दोलन कराइए।

(g) *द्विक आनत पथ पर गेंद के दोलन–* किसी द्विक आनत पथ को मेज पर इस प्रकार समायोजित कीजिए कि इसकी भुजाएँ क्षैतिज से समान रूप से झुकी हों (चित्र D 15.7)। स्टील के एक बॉल बेयरिंग (व्यास 2.5 cm) को एक भुजा के ऊपरी सिरे से छोड़िए और इसे द्विक आनत पथ की दोनों भुजाओं के बीच दोलन करने दीजिए।

(h) *मेज पर दो कमानियों के बीच रखी ट्रॉली के दोलन–* एक ट्रॉली लीजिए और इसके दोनों सिरों पर दो कुंडलिनी कमानियाँ इस प्रकार जोड़िए कि कमानियाँ एक सीधी रेखा के अनुदिश रहें। ट्रॉली को मेज पर रखिए तथा कमानियों के स्वतंत्र सिरों को मेज के विपरीत सिरों पर दो दृढ़ टेकों से इस प्रकार जोड़िए कि कमानियाँ उसी एक सीधी रेखा के अनुदिश तनी हुई रहें [चित्र D 15.8(a)]। दोनों कमानियों को तनाव में रखते हुए ट्रॉली को एक दिशा में थोड़ा-सा विस्थापित कीजिए। ट्रॉली को छोड़िए और कमानियों की लंबाई के अनुदिश इसकी इधर-उधर गति को प्रेक्षित कीजिए। दोलनों के आवर्त काल ज्ञात कीजिए तथा अवमंदन के बारे में भी टिप्पणी कीजिए।

(i) *किसी कमानी से जुड़ी हुई ट्रॉली के दोलन–* चित्र D 15.8 (a) में दर्शाई निदर्शन (h) के लिए की गई व्यवस्था में से एक कमानी को हटाइए। ट्रॉली को एक ओर विस्थापित कीजिए और इसे छोड़ दीजिए। पहली स्थिति (निदर्शन h) से दोलनों के आवर्तकाल तथा अवमंदन के प्रभाव की तुलना कीजिए।

(j) *किसी बिंदु से लटकाई हुई तथा दो कमानियों के बीच रोकी हुई ट्रॉली के दोलन–* निदर्शन (h) में वर्णित व्यवस्था के अनुसार मेज पर दो कमानियों के साथ एक ट्रॉली को लगाइए। चित्र D 15.8(b) में दर्शाए अनुसार एक अनम्य

© NCERT not to be republished




*चित्र D 15.8(a)* दो एकसमान कमानियों के बीच रखी ट्रॉली की इधर-उधर गति के निदर्शन की व्यवस्था




*चित्र D 15.8(b)* किसी ऊँची टेक से लटकाई हुई तथा दो कमानियों के बीच रोकी हुई ट्रॉली की इधर-उधर गति के निदर्शन की व्यवस्था

(दृढ़) डोरी से ट्रॉली को बांधिए। डोरी के दूसरे सिरे को मेज पर रखे एक स्टूल पर रखे हुए स्टैंड या छत पर लगे किसी हुक से इस प्रकार जोड़िए कि ट्रॉली मेज से थोड़ा ऊपर लटकी रहे। ट्रॉली को एक ओर थोड़ा-सा विस्थापित करके दोलन कराइए। अध्ययन कीजिए कि दोलनों का आवर्तकाल तथा अवमंदन, निदर्शन (h) की तुलना में, जब ट्रॉली मेज पर रखी थीं, कैसे प्रभावित होता है।

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 16

## युग्मित लोलकों के सेट से अनुनाद को निदर्शित करना

लोहे के दो स्टैंड लेकर उन्हें एक मेज पर एक दूसरे से लगभग 40 cm दूर रखें। आधे मीटर के एक स्केल को (अच्छा हो यदि 1.5 cm चौड़ी लकड़ी की सीधी पट्टी) उनके बीच में इस प्रकार बाँधिए कि इसका फलक ऊर्ध्वाधर हो और यह क्षैतिज रहे और अपने ऊपरी किनारे के इर्द गिर्द घूर्णन के लिए स्वतंत्र हो (चित्र D 16.1)। स्केल के एक किनारे के पास एक भारी गोलक (माना लगभग 200 g) का लोलक लटकाइए। चार या पाँच विभिन्न लंबाइयों और अपेक्षाकृत कम द्रव्यमान के गोलकों के लोलक भी लटकाइए। तथापि, इनमें से एक बिलकुल उसी लंबाई का हो जैसा कि भारी गोलक का लोलक।



*चित्र D 16.1 युग्मित लोलकों में अनुनाद निदर्शित करने की व्यवस्था*

उपरोक्त व्यवस्था के अनुसार लोलक निलंबित करने के पश्चात् सभी लोलकों को विराम में आने दें। भारी लोलक के गोलक को धीरे-से खींचे और छोड़ दें जिससे कि यह दोलन करना प्रारंभ कर दे। सुनिश्चित करें कि इस प्रक्रम में दूसरे लोलक विक्षुब्ध न हों। दूसरे लोलकों की गति को प्रेक्षित करें। कौन-सा लोलक उसी आवृत्ति से दोलन करता है जो भारी लोलक की है? विभिन्न लोलकों के कंपन का आयाम किस प्रकार भिन्न है?

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 17

## माध्यम के प्रतिरोध के कारण लोलक के अवमंदन को निदर्शित करना

(a) *वायु के कारण दो समान द्रव्यमान के लोलकों के अवमंदन*–समान लंबाई के दो सरल लोलकों को व्यवस्थित कीजिए। एक का गोलक साइज़् में छोटा होना चाहिए जैसे कि ठोस पीतल का बना हुआ। दूसरे का गोलक उसी द्रव्यमान का लेकिन बड़े साइज़ का होना चाहिए। यह या तो किसी हल्के पदार्थ जैसे थर्मोकोल का हो या एक खोखला गोला हो। इन्हें समान प्रारंभिक विस्थापन दीजिए और साथ–साथ छोड़िए। प्रेक्षित कीजिए कि बड़े साइज़ के गोलक के लोलक का आयाम अधिक तेज़ी से कम होता है। इसके अधिक क्षेत्रफल के कारण वायु इसकी गति में अधिक प्रतिरोध प्रस्तुत करती है। यद्यपि प्रारंभ में दोनों लोलकों की ऊर्जा समान है, बड़ा गोलक प्रत्येक दोलन में अधिक ऊर्जा की हानि करता है।

(b) *वायु तथा जल के कारण अवमंदन की तुलना करके वैकल्पिक निदर्शन*–लगभग आधे मीटर लंबाई तथा 25 mm या अधिक व्यास के धातु के गोलक के सरल लोलक को व्यवस्थित कीजिए। इसकी ऊर्ध्वाधर स्थिति में गोलक मेज से लगभग 4 cm से 5 cm की ऊँचाई पर होना चाहिए। पहले लोलक को वायु में दोलन करने दें और इसके अवमंदन का प्रेक्षण करें। अब गोलक के नीचे पानी से भरी एक ऐसी द्रोणी रखें कि गोलक पानी में डूबा रहे। पानी में डूबे गोलक के साथ लोलक को दोलन कराएँ तथा अवमंदन पर माध्यम के परिवर्तन का प्रभाव नोट करें।

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 18

## अनुदैर्ध्य तथा अनुप्रस्थ तरंगों को निदर्शित करना

स्लिंकी (दीर्घ लंबाई की कुंडलिनी कमानी) की सहायता से अनुप्रस्थ तथा अनुदैर्ध्य तरंगों के कुछ लाक्षणिक गुणों को निदर्शित किया जा सकता है। स्लिंकी एक कोमल स्प्रिंग है जो स्टील की एक पतली चपटी पट्टी (लगभग 150 से 200 लपेट) के लपेटों से, जिनका व्यास लगभग 6 cm तथा चौड़ाई 8 cm से 10 cm, से बनी है। आजकल स्लिंकी के आकार की प्लास्टिक से बनी स्प्रिंग भी उपलब्ध हैं। दो विद्यार्थियों से स्लिंकी के एक-एक सिरे को पकड़ने तथा इसे किसी चिकने फ़र्श पर पूरी लंबाई (कम-से-कम 5 मीटर) तक खींचने को कहें। एक सिरे पर एक तीक्ष्ण अनुप्रस्थ झटका दें और विद्यार्थियों को स्प्रिंग के अनुदिश गति करने वाले स्पंद को प्रेक्षित करने को कहें [चित्र D 18.1(a)]।



***चित्र D 18.1(a)*** *स्लिंकी से होकर एक स्पंद की गति*

स्प्रिंग की खिंची हुई लंबाई के अनुदिश एक सिरे से दूसरे सिरे तक स्पंद को गति करने में लगे समय को माप कर स्पंद की चाल ज्ञात करें। अधिक यथार्थता के लिए, स्पंद द्वारा एक सिरे से दूसरे सिरे तक गति करने में लिया गया समय मापने के बजाय इसके द्वारा स्प्रिंग की संपूर्ण लंबाई के अनुदिश तीन या चार यात्राएँ करने में लिया गया समय मापें। यह इसलिए संभव हो पाएगा क्योंकि प्रत्येक स्पंद समाप्त होने से पहले स्प्रिंग की लंबाई के अनुदिश कुछ बार आगे पीछे गति करता है।

स्प्रिंग में तनाव घटाकर (इसे छोटी लंबाई तक खींचकर) प्रयोग को दोहराएँ तथा स्पंद की चाल ज्ञात करें। क्या चाल तनाव पर निर्भर करती है?



***चित्र D 18.1(b)*** *स्लिंकी की लंबाई के अनुदिश गति करता हुआ एक संपीडन*

स्लिंकी को अनुदैर्ध्य तरंगों के संचरण को निदर्शित करने के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। ऐसा करने के लिए, स्लिंकी को अनुप्रस्थ स्पंद की गति को दर्शाते समय खींचने की तुलना में केवल आधी लंबाई (2.5 m) तक ही खींचे और फिर इसके एक सिरे पर [चित्र D 18.1(b)] झटका दें। विद्यार्थियों से स्प्रिंग के संपीडन के रूप में स्पंद की गति का प्रेक्षण करने को कहें।

© NCERT not to be republished

यदि फ़र्श चिकना नहीं है तो अवमंदन बहुत अधिक होगा। ऐसी स्थिति में स्लिंकी को कमरे की विपरीत दीवारों पर कस कर जड़ी दो खूंटियों के बीच तने स्टील के एक तार से लटका कर, प्रयोग किया जा सकता है। स्प्रिंग के बीच में अवनमन (झोल) के प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए, एक दूसरे से लगभग 25 cm की दूरी पर तार में बंधे धागे के टुकड़ों से स्प्रिंग को लटकाकर सहारा दिया जा सकता है। धागे के सभी टुकड़े लंबाई में समान होने चाहिए।

अनुप्रस्थ तरंगों को स्लिंकी के बजाय कपड़े सुखाने की लचीली डोरी या रबर की ट्यूब या रस्से की सहायता से भी निदर्शित किया जा सकता है। रबर की ट्यूब या डोरी के एक सिरे को दरवाज़े की मूठ से बांधें और इसे तना हुआ रखकर दूसरे सिरे से एक झटका दें। यदि रबर की ट्यूब भारी हो (इसमें पानी भर दें) तथा इसे ढ़ीला पकड़कर रखा जाए तो स्पंद धीमी गति से चलेगी और प्रेक्षण अच्छा होगा।

एकल स्पंद के बजाय, एक के बाद एक स्पंद पैदा करके स्पंदों की एक श्रेणी से सतत् तरंग संचरण के प्रभाव को भी निदर्शित किया जा सकता है। इसे स्लिंकी या कपड़े सुखाने की लचीली डोरी से किया जा सकता है। स्लिंकी को फ़र्श पर तानिए और एक विद्यार्थी से एक सिरे को कसकर पकड़ने को कहिए। दूसरे सिरे पर केवल एक झटका देने की बजाय, लगभग 0.5m की तरंगदैर्घ्य की तरंगे उत्पन्न करने के लिए हाथ को इधर-उधर लगातार चलाइए जिससे कि स्लिंकी के अनुदिश लगातार गति करती हुई तरंगें देखी जा सकें।

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 19

## दो माध्यमों की परिसीमा पर तरंगों के परावर्तन तथा संचरण को निदर्शित करना



*चित्र D 19.1 (a) स्थिर सिरे से परावर्तित स्पंद में π कालान्तर होता है*

स्लिंकी को चिकने फ़र्श पर तानिए या इसे निदर्शन 18/1 में वर्णन किए अनुसार स्टील के तने हुए तार से लटकाइए। एक सिरे को स्थिर रखकर दूसरे सिरे से स्पंद प्रेषित कीजिए। स्थिर सिरे से परावर्तन होने से पहले तथा परावर्तन होने के बाद स्पंद के विस्थापन का साइज़ तथा दिशा नोट कीजिए। नोट कीजिए कि परावर्तित स्पंद का विस्थापन आपतित स्पंद की अपेक्षा उल्टा है तथा साइज़ में थोड़ा परिवर्तन है [चित्र D 19.1(a)]।

अब कुंडलित स्प्रिंग (स्लिंकी) को अधिक द्रव्यमान की एक अन्य कमानी (स्प्रिंग) के सिरे से जोड़िए [चित्र D 19.1(b)]। प्रत्येक स्प्रिंग के स्वतंत्र सिरे को पकड़कर इन्हें तानिए और हल्की स्प्रिंग (स्लिंकी) के स्वतंत्र सिरे पर एक स्पंद उत्पन्न कीजिए। प्रेक्षित कीजिए कि जब स्पंद दोनों कमानियों के जोड़ पर पहुँचता है तो क्या होता है। परावर्तित स्पंद में किस प्रकार का (अर्थात् साइज़ तथा विस्थापन की दिशा) परिवर्तन होता है? क्या भारी स्प्रिंग में संचरित स्पंद में भी कुछ परिवर्तन होता है?

इस निदर्शन को भारी स्प्रिंग के स्वतंत्र सिरे से स्पंद भेजकर दोहराइए। नोट कीजिए कि आपतित स्पंद की तुलना में दोनों कमानियों की परिसीमा पर परावर्तित तथा संचरित स्पंद में क्या परिवर्तन है [चित्र D 19.1(c)]।

ये परिवर्तन उनसे किस प्रकार भिन्न हैं जब आपतित स्पंद हलके से भारी स्प्रिंग की ओर जाता है?

अब स्लिंकी (कुंडलित स्प्रिंग) को भारी स्प्रिंग के बजाए एक महीन धागे से जोड़िए। स्प्रिंग तथा धागे को तानिए तथा स्प्रिंग के स्वतंत्र सिरे पर एक स्पंद उत्पन्न कीजिए। नोट कीजिए कि स्प्रिंग तथा धागे की परिसीमा पर स्पंद का क्या होता है।

© NCERT not to be republished







**चित्र D 19.1 (b)** *विरल माध्यम से सघन माध्यम में जाने पर स्पंद का परावर्तन तथा संचरण*

**चित्र D 19.1 (c)** *सघन माध्यम से विरल माध्यम में जाने पर स्पंद का परावर्तन तथा संचरण*

© NCERT not to be republished

# निदर्शन 20

## आवृत्तियों में थोड़े से अंतर वाले दो स्वरित्र द्विभुजों द्वारा उत्पन्न तरंगों के अध्यारोपण के कारण होने वाली विस्पंदों की परिघटना को निदर्शित करना

बराबर आवृत्ति के दो स्वरित्र द्विभुज लीजिए। एक स्वरित्र द्विभुज की भुजाओं पर प्लास्टीसीन या मोम का छोटा-सा टुकड़ा चिपकाइए। इससे स्वरित्र द्विभुज की आवृत्ति थोड़ी-सी कम हो जाएगी। स्वरित्र द्विभुजों को एक-एक हाथ में पकड़कर दोनों को एक साथ रबर के दो पैडों से टकराइए। उन्हें एक-दूसरे के समीप रखिए।

दोनों स्वरित्र द्विभुजों द्वारा उत्पन्न मिश्रित ध्वनि को ध्यानपूर्वक सुनिए। ध्वनि की तीव्रता धीरे-धीरे बढ़ती और घटती हुई सुनाई देगी। यह बहुत कम अंतर की आवृत्तियों की तरंगों के अध्यारोपण द्वारा उत्पन्न विस्पंद के कारण है। यदि इन तरंगों की आवृत्तियों में दो या तीन कंपन प्रति सेकंड से अधिक का अंतर नहीं है तो आप प्रति सेकंड उत्पन्न होने वाले विस्पंदों की संख्या की गणना भी कर सकते हैं। जो व्यक्ति स्पंदों को सुन रहा है वह प्रत्येक अधिकतम तीव्रता या न्यूनतम तीव्रता पर मौन संकेत देता है, जैसे जिस प्रकार हम हाँ कहते हैं उस मुद्रा में अपने सिर को हिलाते हैं। तभी एक दूसरा व्यक्ति विराम घड़ी की सहायता से या तो 10 स्पंदों में लिया गया समय ज्ञात करता है या 5 सेकंड में उत्पन्न हुए स्पंदों की संख्या गिनता है। विराम घड़ी वाला व्यक्ति स्पंद भी सुनेगा, यद्यपि कमज़ोर से और वह बगैर पहले व्यक्ति के संकेत की सहायता के आवृत्ति माप सकता है।

यदि लकड़ी के अनुनाद बक्से पर जड़े समान आवृत्ति के दो बड़े स्वरित्र द्विभुज उपलब्ध हों तो कक्षा में सभी विद्यार्थी स्पंदों को सुन सकते हैं उन्हें कक्षा के कमरे के बीच में किसी डेस्क पर रखिए। कक्षा में पूर्ण नीरवता होनी चाहिए। स्वरित्र द्विभुजों पर रबर के हथौड़े से द्रुत गति से लगातार लगभग समान बल से आघात कीजिए। इनमें से एक स्वरित्र द्विभुज पर थोड़ा-सा मोम या प्लास्टीसीन चिपकाकर या चिपकने वाली टेप से छोटा-सा भार चिपकाकर दोनों की आवृत्तियों में थोड़ा-सा अंतर किया जा सकता है। दोनों स्वरित्र द्विभुज अच्छी गुणवत्ता के होने चाहिए ताकि वह अनुनाद बॉक्स में ऊर्जा ह्रास के बावजूद लगभग 8 से 10 सेकंड तक श्रव्य ध्वनि अवश्य उत्पन्न करते रहें।

